Bareilly, Wednesday,
2 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ` 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

अंडर-19 क्रिकेट मैच 12 से 15 नवंबर तक

बरेली में बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बिहार ट्राफी का अंडर-19 मैच खेला जाएगा. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच आयोजित कराने का फैसला किया है और इसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को दी है. 12 नवंबर से 15 नवंबर 2022 के बीच होने वाले इस चार दिवसीय मैच में उत्तर प्रदेश और नगालैंड की टीमें मुकाबला करेंगी. बरेली में इससे पहले बीसीसीआई अधिकृत कोई मैच आयोजित नहीं हुआ है. यह जानकारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, मैच आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शहजाद अली ने दी.